जागरण

www.jagran.com June 15,2017

राष्ट्रपति चुनाव # नरेंद्र मोदी # मप्र किसान आंदोलन # मानसून # पॉजिटिव न्यूज # जागरण स्पेशल

झारखंड ▸ रांची • धनबाद • जमशेदपुर • हजारीबाग • गिरीडीह

आदिवासी मुखिया के घर स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने किया भोजन

Publish Date:Wed, 14 Jun 2017 08:43 PM (IST) | Updated Date:Wed, 14 Jun 2017 08:43 PM (IST)

दुमका : संताल परगना के आदिवासियों के भोजन में शामिल गेंधारी का साग और कटहल की पकौड़ी अब आदिवासी समुदाय के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रां¨डग करेगा। बुधवार को मोदी सरकार के तीन साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार की उपलब्धियों को सूबे की उपराजधानी दुमका के नक्सल प्रभावित प्रखंड रामगढ़ की जनता के बीच रखने केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री फग्गन ¨सह कुलस्ते, झारखंड की समाज कल्याण मंत्री डॉ. लुइस मरांडी पहुंचे थे।

उन्होंने धोबा पंचायत के आदिवासी समुदाय के पूर्व मुखिया प्रेमलाल सोरेन के घर पर सखुआ के पत्तों की थाली (पत्तल) व कटोरी (दोना) में भात, दाल, आलू-परवल की सब्जी, करैला और ¨भडी की भुजिया, बैंगन फ्राई के संग विशेष तौर पर बनाए गए गेंधारी साग और कटहल की पकौड़ी का स्वाद लिया। प्रेमलाल के आंगन में बनीं मड़ई में जमीन पर बैठा कर खाना खिलाने की व्यवस्था की गई थी। पानी के लिए फूलहा लोटा रखा गया था। हालांकि मिनरल वाटर की भी व्यवस्था की गई थी।

दुमका : संताल परगना के आदिवासियों के भोजन में शामिल गेंधारी का साग और कटहल की पकौड़ी अब आदिवासी समुदा

प्रेमलाल सोरेन की पत्नी बसंती सोरेन जो वर्तमान में धोबा पंचायत की मुखिया हैं ने खुद पड़ोस की महिलाओं के संग खाना परोस रही थी। इससे पूर्व प्रेमलाल सोरेन के घर पहुंचने पर मंत्री फग्गन ¨सह कुलस्ते, डॉ. लुइस मरांडी समेत अन्य अतिथियों का स्वागत आदिवासी रीति लोटा-पानी से किया गया। वीआइपी कल्चर को खत्म कर अंत्योदय विकास की राह प्रशस्त करने की मंशा से भाजपा के रणनीतिकारों ने जो ब्लू ¨प्रट तैयार किया है उसके तहत लाल बत्ती के इस्तेमाल पर रोक और गरीब, दलित, आदिवासी व समाज के अंतिम व्यक्ति से आत्मीय रिश्ता कायम करने के लिए अब केंद्र और राज्य के मंत्रियों को पसीना बहाना पड़ रहा है।

भोजन के बाद केंद्रीय फग्गन ¨सह कुलस्ते ने दैनिक जागरण से बातचीत करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विकास के सपने को साकार करना भाजपा की प्राथमिकता है। इसके लिए ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर इनसे सीधा रिश्ता कायम किया जा रहा है।

फग्गन ¨सह ने कहा कि पूर्व में सिर्फ वोट की राजनीति हुई है लेकिन अब विकास के साथ सम्मान की राजनीति का दौर चल रहा है। इधर, पूर्व मुखिया प्रेमलाल सोरेन और उनकी मुखिया पत्नी बसंती सोरेन ने गद्गद् भाव से कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि संसद में बैठने वाले नरेंद्र मोदी सरकार के मंत्री प्रजातंत्र की सबसे निचली इकाई की सरकार मुखिया के घर खाना खाकर उनका सम्मान बढ़ाया है।

भोजन करनेवालों में पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद, पूर्व विधायक सुनील सोरेन, भाजपा नेता सुरेश मुर्मू, भाजपा के जिला अध्यक्ष निवास मंडल समेत कई पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

By **Jagran**

मोबाइल पर भी अपनी पसंदीदा खबरें और मैच के Live स्कोर पाने के लिए जाएं m.jagran.com पर

Share Like 0 G+1 0

Web Title:

(Hindi news from Dainik Jagran, newsnational Desk)

कमेंट करें

तालझारी में वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत

दुमका में नदी में डूबने से बालक समेत मां-बेटी की मौत